नई दिल्लीः भारत के कानूनी और राजनीतिक इतिहास में आज एक ऐसा पन्ना जुड़ा है, जिसने न्यायपालिका से लेकर सत्ता के गलियारों तक खलबली मचा दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में चल रही सीबीआई की रिविजन याचिका (Crl.Re1.P. 134/2026) की सुनवाई का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया है। केजरीवाल ने सीधे तौर पर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को 25 पन्नों का एक भावुक और 'घातक' पत्र लिखकर कोर्ट की कार्यवाही में व्यक्तिगत या वकील के जरिए शामिल होने से इनकार कर दिया है। गांधी के 'सत्याग्रह' का सहाराः पीड़ा या रणनीति? केजरीवाल

ने अपने इस कदम को महात्मा गांधी के 'असहयोग आंदोलन' और 'सत्याग्रह' से जोड़ा है। उन्होंने पत्र में लिखाः 'जब अंतरात्मा कहे कि न्याय की उम्मीद खत्म हो चुकी है, तब विनम्रता और अहिंसा के साथ असहयोग करना ही सच्चा सत्याग्रह है। मैं क्रोध में नहीं, बल्कि गहरी पीड़ा और न्यायपालिका में अटूट विश्वास के साथ यह कदम उठा रहा हूँ। '

केजरीवाल के 'घातक' आरोपों ने बढ़ाई तपिशः

केजरीवाल ने इस बहिष्कार के पीछे 'हितों के टकराव' (Conflict श्द्ध Interest) के दो बेहद गंभीर और तीखे कारण बताए हैं:

1. विचारधारा का टकरावः उन्होंने जस्टिस के आरएसएस और उसकी कानूनी शाखा 'अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद' (ABAP) से सार्वजनिक संबंधों का हवाला दिया है।
2. पारिवारिक और पेशेवर संबंधः पत्र में आरोप लगाया गया है कि जज के बेटे और बेटी केंद्र सरकार के पैनल पर हैं और उन्हें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (जो इस केस में सीबीआई के वकील हैं) द्वारा केस सौंपे जाते हैं। केजरीवाल का तर्क है कि ऐसी स्थिति में उन्हें 'निष्पक्ष न्याय' की उम्मीद नहीं है।

पीजीडीएवी कॉलेज में बाबा साहब डॉ. बी.आर.अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती का भव्य आयोजन

हमें बाबा साहब के बताएं सिद्धांत शिक्षित बनो;संगठित रहो;संघर्ष करो के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए:-प्राचार्य प्रो. दरविंदर कुमार

महानगर मेट्रो

नई दिल्ली। भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के शुभ अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज प्रातः द्वारा एक बाबा साहब के साहित्य की प्रदर्शनी, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं 'राष्ट्र निर्माण में अंबेडकर के विचार और विकसित भारत 2047 का मार्ग 'विषय पर प्रत्येक वर्ष की भांति 'बाबा साहब भीमराव अंबेडकर स्मृति व्याख्यानमाला' के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण के साथ गरिमामय वातावरण में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दरविंदर कुमार ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के ए.ओ.आर.डॉ. एस.एस.हूडा और पूर्व आई.आर.एस.सहायक आयुक्त श्री राम आधार उपस्थित रहें।अपने संबोधन में मुख्य अतिथियों ने डॉ.

अंबेडकर के विचारों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके साहित्य और दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. दरविंदर कुमार ने शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का आह्वान किया। मुख्य वक्ता श्री राम आधार ने संविधान की प्रस्तावना का हवाला देते हुए एकता और समता की अवधारणा पर बल दिया। डॉ. एस.एस. हूडा ने जाति रहित समाज की आवश्यकता पर विचार किया। प्रो. मनोज कुमार कैन ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित विचारों की विस्तृत व्याख्या की

'राम' नाम सत्य है राम माधव के 'कुबूलनामे' ने खोली मोदी सरकार की विदेश नीति की पोलः दोस्ती की आड़ में देशहित की बलि

महानगर मेट्रो

नई दिल्ली/अहमदाबादः1 अक्सर विदेशी धरती पर 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' जैसे आयोजनों की चकाचौंध में असली हकीकत दब जाती है, लेकिन जब अपनों के ही बोल फिसलते हैं, तो सच सामने आ ही जाता है। संघ और भाजपा के दिग्गज नेता राम माधव का एक अमेरिकी पत्रकार को दिया गया इंटरव्यू इस समय देश की राजनीति में भूचाल ले आया है। इस इंटरव्यू ने उन दावों की हवा निकाल दी है जिनमें भारत को विश्व गुरु और झुकने न वाला राष्ट्र बताया जाता रहा है।

राम माधव का वो 'एकरार' जो सरकार को चुभेगाः

राम माधव ने अमेरिकी पत्रकार के सामने जिस बेबाकी (या लाचारी) से अपनी बात रखी, वह हैरान करने वाली है। उन्होंने सवालिया लहजे में अपनी ही सरकार की 'शरणागति' की फेहरिस्त गिना दी। उन्होंने कहाः

'हमने कहां कमी छोड़ी? हमने ईरान से तेल खरीदना बंद किया, रूस से तेल लेना बंद किया। देश में विपक्ष का भारी विरोध झेलकर भी हम 50' टैरिफ के लिए राजी हुए। नए ट्रेड डील में भी हम औसत से अधिक यानी 18' टैरिफ देने को तैयार हो गए। इतना सब करने के बाद भी भारत ने कहां कमी रखी?

'महानगर मेट्रो का विश्लेषणः चार कड़वे सच

1. झूठी दोस्ती का ढिंढोराः एक तरफ प्रधानमंत्री और डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती की दुहाइयां दी जा रही थीं, वहीं दूसरी तरफ राम माधव के बयान से साफ है कि भारत ने अमेरिका के सामने पूरी तरह समर्पण कर दिया था। क्या यह दोस्ती थी या देश के हितों का सौदा?
2. विपक्ष की चेतावनी सही साबित हुईः जब ट्रेड डील और 50' टैरिफ का मुद्दा उठा था, तब विपक्ष ने इसे भारत की आर्थिक गुलामी बताया था। लेकिन सत्ता के नशे में चूर सरकार ने इसे 'ऐतिहासिक उपलब्धि' बताकर अपने ही कार्यकर्ताओं से हारी-तोरों के साथ अपना सम्मान कराया। आज राम माधव के शब्द विपक्ष के उसी विरोध पर मुहर लगा रहे हैं।
3. टैरिफ का बोझ और 'चुप्पी': नए ट्रेड डील में पहले से भी ज्यादा टैरिफ स्वीकार करना किसी भी नजरिए से कूटनीतिक जीत नहीं हो सकती। इसके बावजूद, खुद को 'राष्ट्रभक्त' कहने वाली टोली ने चुप्पी साधे रखी।
4. डैमेज कंट्रोल की नाकाम कोशिशः वीडियो वायरल होने के बाद अब राम माधव और उनकी टीम शब्दों के जाल बुनकर 'डैमेज कंट्रोल' में लगी है, लेकिन कैमरे पर बोले गए शब्द और उनके हाव-भाव झूठ नहीं बोलते।

नतीजाः झप्पी बनाम नुकसान

विदेश नीति के नाम पर विदेशी नेताओं से गले मिलना, खिलखिलाना और फोटो खिंचवाना घर के 'भक्तों' को लुभाने के लिए तो ठीक है, लेकिन इसकी कीमत देश को ऊंचे टैरिफ और ऊर्जा असुरक्षा (रूस-ईरान से तेल बंद करना) के रूप में चुकानी पड़ी है। सवाल यह है कि क्या देश के स्वाभिमान से बड़ा 'ब्रांड मोदी' हो गया है राम माधव का यह बयान सिर्फ एक इंटरव्यू नहीं, बल्कि मोदी सरकार की उस विदेश नीति का पोस्टमार्टम है जिसे अब तक 'अजेय' बताया जा रहा था।

विशेष रिपोर्ट भ्रष्टाचार और अपराध का 'सॉफ्ट टारगेट' बनता गुजरात

महानगर मेट्रो

अहमदाबादः कभी शांति और विकास के लिए मिसाल माना जाने वाला गुजरात, क्या अब अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के लिए 'सुरक्षित पनाहगाह' बनता जा रहा है? महानगर मेट्रो की पड़ताल में राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

पकड़ तो होती है, पर सजा क्यों नहीं?

राज्य में पिछले कुछ समय में ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी गई, करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर हुआ और शराबबंदी के बावजूद बूटलेगरों का जाल फैला हुआ दिखा। आंकड़े गवाही देते हैं कि कार्रवाई के नाम पर धरपकड़ तो खूब होती है, लेकिन जब बात 'सजा' की आती है, तो कानूनी प्रक्रिया के गलियारों में मामले दम तोड़ देते हैं। अपराधी सलाखों के पीछे जाने के बजाय 'मोकले मैदान' में घूमते नजर आते हैं।

व्यवस्था पर घातक प्रहारः

* ड्रग्स का जालः बंदरगाहों से लेकर गलियों तक फैलते नशे के कारोबार ने युवा पीढ़ी को खोखला कर दिया है। पेडलर्स पकड़े जाते हैं, लेकिन सिंडिकेट के आका आज भी पहुंच से बाहर हैं।
* भ्रष्टाचार की जड़ेंः सरकारी तंत्र में बैठे 'सफेदपोश' भ्रष्टाचारी बेखौफ होकर जनता की गाढ़ी कमाई निगल रहे हैं। सजा का डर न होने के कारण भ्रष्टाचार अब एक 'सिस्टम' बन चुका है।
* बूटलेगरों का दब शराबबंदी वाले राज्य में अवैध शराब का समानांतर प्रशासन चल रहा है। पुलिस की छापेमारी महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई है।

जनता का टूटता भरोसाः

आम जनता के बीच यह धारणा घर कर गई है कि गुजरात में अपराधी कानून से नहीं डरते। जाँच एजेंसियां सबूत जुटाने में विफल रहती हैं या रसूखदारों के दबाव में फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। यदि पकड़े गए अपराधियों को कठोर सजा नहीं मिली, तो वह दिन दूर नहीं जब गुजरात की शांति केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी।

महानगर मेट्रो सवाल करता है: आखिर कब तक पकड़े जाने के 'खेल' को ही न्याय माना जाएगा? क्या असली दोषियों को कभी कड़ी सजा मिलेगी, या कानून का खौफ केवल आम आदमी के लिए ही बना रहेगा?

आखिर दुनिया का 'थानेदार' ट्रंप और उनका अमेरिका खुद इतना असुरक्षित क्यों है?

पवन माकन

अमेरिका लंबे समय से खुद को विश्व नेतृत्व की भूमिका में रखता है। जब कोई देश या नेता इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाता है, तो हर निर्णय पर आलोचना और चुनौती स्वाभाविक होती है-चाहे वह शीत युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था हो या आज की बहुध्रुवीय दुनिया, अमेरिका ने हर चुनौतियों से सीखा और बेहतर समाधान देने की कोशिश की।

आखिर दुनिया का 'थानेदार' कहे जाने वाला अमेरिका खुद असुरक्षित क्यों दिखता है? असल में यह एक मिथक औ? हकीकत का मिश्रण है। अमेरिका के नेता, जैसे डोनाल्ड ट्रम्प के 'असुरक्षित' दिखने के पीछे कई परतें होती हैं, क्योंकि उनकी मौजूदगी वाले स्थल पर यह तीसरा बड़ा हमला है। इसलिए यह सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक, संस्थागत और वैश्विक कारणों का मिश्रण है।

पहला, वैश्विक नेतृत्व का दबावः अमेरिका लंबे समय से खुद को विश्व नेतृत्व की भूमिका में रखता है। जब कोई देश या नेता इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाता है, तो हर निर्णय पर आलोचना और चुनौती स्वाभाविक होती है-चाहे वह शीत युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था हो या आज की बहुध्रुवीय दुनिया, अमेरिका ने हर चुनौतियों से सीखा और बेहतर समाधान देने की कोशिश की।

दूसरा, घरेलू राजनीति की तीखी प्रतिस्पर्धाः डॉनल्ड ट्रंप की राजनीति बहुत ध्रुवीकृत रही है। अमेरिका के अंदर ही डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच तीखी टकराहट, मीडिया की आलोचना, और चुनावी दबाव–ये सब किसी भी नेता को 'रक्षात्मक' या असुरक्षित दिखा सकते हैं।

तीसरा, कानूनी और व्यक्तिगत विवादः ट्रंप कई कानूनी मामलों, जांचों और विवादों से घिरे रहे हैं। ऐसी स्थिति में कोई भी नेता अपनी छवि और राजनीतिक भविष्य को लेकर सतर्क–कभी-कभी असुरक्षित–दिख सकता है।

चौथा, बदलती वैश्विक शक्ति-संतुलनः अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रही। चीन, रूस जैसे देश चुनौती दे रहे हैं। इससे अमेरिका की 'थानेदार' वाली स्थिति पहले जैसी निर्विवाद नहीं रही, और यह असुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है।

पांचवां, पॉपुलिस्ट (जनप्रिय) राजनीति की शैलीः

ट्रंप की राजनीति में 'हम बनाम वे' का नैरेटिव मजबूत रहा है। इस शैली में नेता अक्सर खतरे को बड़ा दिखाते हैं–चाहे वह बाहरी हो या आंतरिक–ताकि समर्थकों को एकजुट रखा जा सके। इससे भी 'असुरक्षा' का आभास होता है।

छठा, 'असुरक्षा' का एहसास बनाम असली आंकड़े;

अमेरिका में लंबे समय में अपराध दर (crime rate) घटी है, खासकर 1990 के बाद से, लेकिन फिर भी लगभग 46% लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। यानी समस्या सिर्फ

अपराध नहीं, बल्कि डर का माहौल भी है कारण स्पष्ट है कि मीडिया, सोशल मीडिया, और मास शूटिंग जैसी घटनाएं लोगों के दिमाग में डर बढ़ाती हैं।

सातवां, आर्थिक असमानताः अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर देशों में है, लेकिन अमीर-गरीब का अंतर बहुत बड़ा है बेरोजगारी, घर विहीनता, opioid crisis जैसी समस्याएं अपराध को बढ़ाती हैं। जहां असमानता ज्यादा होती है, वहां अपराध और असुरक्षा भी ज्यादा होती है।

आठवां, हथियार संस्कृतिः अमेरिका में आम नागरिक के पास बड़ी संख्या में हथियार हैं। इससे छोटी घटनाएं भी घातक बन सकती हैं, जैसे शूटिंग इंसीडेंट्स। यही कारण है कि हिंसात्मक अपराध का डर ज्यादा रहता है।

नौवां, अपराध का 'केंद्रित' होनाः पूरे अमेरिका में समान खतरा नहीं है, बल्कि अपराध कुछ खास शहरों या इलाकों में ज्यादा केंद्रित होता है। इसलिएः कुछ जगह बहुत सुरक्षित है पर कुछ जगह बहुत खतरनाक।

दसवां, मीडिया और राजनीति का प्रभावः लगातार चौबीस घण्टे सातों दिन न्यूज और सोशल मीडिया 'खतरे' को अम्प्लीफाय (amplify) करते हैं। लोग वास्तविकता से ज्यादा डर महसूस करते हैं। 'भय अर्थव्यवस्था' भी एक फैक्टर है।

ग्यारहवां, पुलिस और सिस्टम की सीमाएँः अमेरिका पुलिस और जेल पर बहुत खर्च करता है, फिर भी मूल कारणों, जैसे- गरीबी, मानसिक स्वास्थ्य, नशा आदि पर कम ध्यान दिया जाता है। इसलिए सुरक्षा का ढांचा 'प्रतिक्रियावादी' है, 'सुरक्षात्मक/संरक्षात्मक' कम।

बारहवां, सामाजिक व्यवहार और जीवनशैलीः सड़क हादसे, नशा, मानसिक तनाव–ये भी असुरक्षा के बड़े कारण हैं कई मामलों में व्यवहार भी जिम्मेदार है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका 'कमजोर' नहीं है, लेकिनःआर्थिक असमानता, हथियार संस्कृति, सामाजिक तनाव और मीडिया द्वारा बढ़ा डर आदि के कारण एक शक्तिशाली देश भी अंदर से असुरक्षित महसूस करता है।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की हालिया सुरक्षा चूक व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर (25 अप्रैल 2026) के दौरान हुई, जब एक संदिग्ध ने होटल में घुसकर गोली चलाई। अमेरिकी अधिकारी अभी जांच कर रहे हैं, लेकिन कोई निश्चित समय सारिणी घोषित नहीं की गई है। 25 अप्रैल 2026 को वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में डिनर के दौरान एक संदिग्ध (कोल एलन) ने शॉटगन, पिस्तौल और चाकू लहराते हुए सिक्योरिटी चेकपॉइंट तोड़ा और गोली चलाई। सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप, मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत नेताओं को सुरक्षित निकाला; एक एजेंट को गोली लगी लेकिन बुलेटप्रूफ वेस्ट से बच गया।

बहरहाल, जांच की स्थिति यह है कि FBI की एंटी-टेरर यूनिट जांच लीड कर रही है, जिसमें हथियार, गवाह बयान और संदिग्ध के मैनिफेस्टो की पड़ताल शामिल है। एक्टिंग अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने कहा कि संदिग्ध ट्रंप व उनकी टीम को टारगेट बना रहा था, लेकिन वो सहयोग नहीं कर रहा। ट्रंप ने इसे सिक्योरिटी सक्सेस बताया, पर सुरक्षा प्रोटोकॉल पर सवाल उठे हैं।

आखिर जवाब कब? तो अधिकारियों ने लाइव अपडेट दिए हैं, लेकिन सुरक्षा चूक के सवालों (जैसे चेकपॉइंट कैसे टूटा) पर कोई अंतिम रिपोर्ट या सुनवाई की तारीख की घोषणा नहीं हुई। जांच जारी है, अतिरिक्त विवरण आने पर बयान संभव। इससे पहले ट्रंप पर 13 जुलाई 2024 के हमले (पेंसिल्वेनिया रैली) की जांच में जुलाई 2025 में जारी अमेरिकी सीनेट रिपोर्ट ने सीक्रेट सर्विस की गंभीर चूक उजागर की। यह 2026 की हालिया घटना से जुड़ी नहीं, बल्कि पुरानी घटना पर आधारित है।

मुख्य निष्कर्ष यह है कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के बावजूद सीक्रेट सर्विस ने कोई उचित कार्रवाई नहीं की; खतरे को नजरअंदाज किया। वहीं, स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय की कमी, खासकर पास की छत को सुरक्षित न करना। संचार, तकनीकी और मानवीय चूकें; कोई बड़ा अधिकारी बर्खास्त नहीं, सिर्फ 6 पर हल्की कार्रवाई।

इसलिए सिफारिशें की गईं कि जिम्मेदारों को दंडित करने, सुरक्षा सुधार और तालमेल मजबूत करने की मांग की। चेयरमैन रैंड पॉल ने इसे 'पूरी विफलता' बताया। सीक्रेट सर्विस ने स्वीकार किया और सुधार शुरू किए। सीक्रेट सर्विस ने 2024 ट्रंप हमले (पेंसिल्वेनिया रैली) की चूक के बाद कई सुधारात्मक कदम उठाए, जिनमें एजेंटों पर कार्रवाई और प्रक्रियागत बदलाव शामिल हैं। ये कदम सीनेट रिपोर्ट (2025) के बाद तेज हुए।

वहीं, एजेंटों पर कार्रवाई हुई। 6 एजेंटों को सस्पेंड किया, 10-42 दिनों की सैलरी कटौती और गैर-ऑपरेशनल पदों पर स्थानांतरित। पूर्व डायरेक्टर किम्बर्ली चीटल ने इस्तीफा दिया। वहीं, प्रक्रियागत सुधार किए गए। स्थानीय पुलिस/एजेंसियों के साथ समन्वय, संचार और सुरक्षा मैनुअल को संशोधित। हवाई निगरानी के लिए अलग डिवीजन, खतरे मूल्यांकन में स्पष्ट जिम्मेदारियां। कांग्रेस ने राष्ट्रपति उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा बढ़ाने वाला विधेयक पारित किया।

संपादकीय

चिट्टे के खिलाफ महिलाएं

आमतौर पर नशाखोरी के खिलाफ जब किसी गांव को ह्यरेड जोनह्ण घोषित किया जाता है, तो यह आधिकारिक तौर पर एक सामाजिक चेतावनी होती है। लेकिन शिमला के कुछ हिस्सों में घोषित यह चेतावनी पुलिस या प्रशासन द्वारा नहीं, बल्कि उन महिलाओं द्वारा जारी की गई है जो परिवारों व समाज को नशे के नासूर से बचाना चाहती हैं। पति हो या बेटा, नशे की हर त्रासदी का त्रास महिलाएं ही भुगतती हैं। वह चाहे किसी अपने को असमय खोना हो या आर्थिक रूप से परिवारिक क्षति हो। यही वजह है कि नशे के खिलाफ अभियान को जमीनी हकीकत बनाने के मकसद से माताएं, बहनें और पत्नियां घर की चौखट से बाहर निकलकर सार्वजनिक रूप से मुखर हुई हैं। महिलाओं के नेतृत्व में चलने वाले इस अभियान को गति देने के लिये सतर्कता समूह बनाये गए हैं। जिसमें नशे के कारोबार और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिये रात्रि गश्त भी शामिल है। साथ ही नशे की लत के शिकार लोगों को नशामुक्ति केंद्रों तक ले जाने में पहल की जा रही है। निस्संदेह, महिलाएं पुरुष व्यवहार को समझने में खासी संवेदनशील होती हैं। वे नशा करने वाले किसी पारिवारिक सदस्य के व्यवहार में बदलाव, भावनात्मक टूटन व नशे के कारण होने वाली आर्थिक तंगी पर पैनी दृष्टि रखती हैं। उनके व्यक्तिगत अनुभवों के फलस्वरूप वे आधिकारिक रिपोर्ट आने से पहले ही नशे की लत में जकड़े लोगों को पहचानने का प्रयास करती हैं।

निस्संदेह, जमीनी स्तर पर चलाए जा रहे इस अभियान के सार्थक परिणाम आने की उम्मीद जगी है। निर्विवाद रूप से पुलिस व प्रशासन की छापेमारी और गिरफ्तारियां नशे की आपूर्ति पर किसी हद तक अंकुश लगा सकती हैं, लेकिन टूट-बिखर रहे घरों को नहीं बचाया जा सकता। निस्संदेह, नशाखोरी के कई सामाजिक आयाम भी हैं, जिसे सामाजिक स्तर पर पहल करके रोका जा सकता है। रचनात्मक पहल से ही उन कारकों को संबोधित किया जा सकता है जो नशीले पदार्थों को बढ़ावा देते हैं। वाकई सामुदायिक स्तर पर सतर्कता बेहद जरूरी है और महिलाएं इसका नेतृत्व करने में सक्षम भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। सही मायनों में हिमाचल सरकार की ह्यचिट्टा विरोधी पदयात्राह्ण और ह्यमहिला मंडलोंह्ण की सार्थक पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस रचनात्मक पहल को संस्थागत स्तर भी समर्थन देने की जरूरत है क्योंकि नशे के कारोबार में संगठित गिरोह भी गहरे तक जुड़े रहते हैं। ऐसे में मादक पदार्थों के तस्करों का सामना करने वाली महिलाओं को अपराधियों की धमकी आदि जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। जिसके लिये सक्रिय पुलिसिंग, गवाहों को सुरक्षा देने, नशा मुक्ति के लिए पुनर्वास सुविधाएं और लगातार जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता भी होगी। सेवाभाव के लिये प्रसिद्ध पंजाब के लोगों को भी इस रचनात्मक पहल का अनुकरण करना चाहिए। वाकई पंजाब में नशे की चुनौती खासी बड़ी है। युवाओं को नशे की दलदल से बचाने के लिये एक बड़ी पहल की जरूरत महसूस की जा रही है।

चिंतन-मनन

राजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे।

अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

दल-बदल की दस्तक और लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा

विनोद कुमार सिंह

वर्तमान के बदलते राजनीतिक परिदृश्य में नैतिकता का प्रश्न – चुनावी सरगर्मियों के बीच सत्ता, सिद्धांत और स्वार्थ की टकराहट, क्या लोकतंत्र का असली 'राजा' अभी भी जागरूक मतदाता है?

वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य इस समय अस्थिरताओं, वैचारिक टकरावों और सत्ता-संतुलन के नए समीकरणों से गुजर रहा है। यदि भारतीय लोकतंत्र के भीतर झांका जाए तो यहाँ भी कम उथल-पुथल नहीं दिखती।देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी ने राजनीतिक तापमान को पहले ही ऊँचाई पर पहुँचा दिया है।इसी बीच आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों द्वारा पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लेना इस तापमान को भुचाल में बदलता प्रतीत हो रहा है। यह घटनाक्रम केवल एक दल से दूसरे दल में जाने भर का मामला नहीं है। यह भारतीय राजनीति की उस गहराई को उजागर करता है जहाँ सिद्धांत और स्वार्थ के बीच संघर्ष निरंतर जारी है।जब हम इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में जाते हैं, तो उस आंदोलन की स्मृति ताजा हो उठती है जिसने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देने का दावा किया था।अन्ना हजारे के नेतृत्व में चला जनलोकपाल आंदोलन केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आवाज नहीं था। वह एक नैतिक क्रांति का प्रतीक बन गया था।इसी आंदोलन की कोख से अरविन्द केजरीवाल ने एक राजनीतिक दल के रूप में आम आदमी पार्टी का निर्माण किया। यह एक ऐसा प्रयोग था जिसने पारंपरिक राजनीति को चुनौती देते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को अपने मूल सिद्धांतों में शामिल किया। दिल्ली की सत्ता में एक दशक तक बने रहना और राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करना इस प्रयोग की सफलता का प्रमाण माना गया।किन्तु समय के साथ यह भी स्पष्ट होता गया कि आदर्शों की जमीन पर खड़ी राजनीति को सत्ता के गलियारों में टिकाए रखना सरल नहीं होता।आज जब उसी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद - जिनमें राघव चड्ढा और हरभजन सिंह जैसे चर्चित नाम शामिल हैं–दल बदलते हैं, तो यह केवल एक संगठनात्मक संकट नहीं रह जाता।यह उस वैचारिक प्रतिबद्धता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है जो कभी इस पार्टी की पहचान हुआ करती थी। इस पूरे घटनाक्रम पर अन्ना हजारे की प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण और विचारणीय है।उन्होंने जिस स्पष्टता के साथ दलबदल विरोधी कानून को सख्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया,वह केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं है। वह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने की पुकार है।उनका यह कहना कि वर्तमान व्यवस्था में नेता व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर पार्टी बदल लेते हैं,भारतीय राजनीति की एक कटु सच्चाई को सामने लाता है। यह सच्चाई किसी एक दल या व्यक्ति तक सीमित नहीं है। यह एक व्यापक प्रवृत्ति बन चुकी है जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों को धीरे-धीरे क्षीण किया है।भारतीय संविधान की आत्मा समाज और राष्ट्र के कल्याण में निहित है।यह किसी राजनीतिक दल के हितों की रक्षा के लिए नहीं बना। जब राजनीति का केंद्र बिंदु सेवा से हटकर सत्ता और संसाधनों के नियंत्रण पर केंद्रित हो जाता है, तब ऐसे विचलन स्वाभाविक हो जाते हैं। अन्ना हजारे ने जिस 'सत्ता से पैसा और पैसे से सत्ता' के दुष्चक्र की बात कही,वह आज की राजनीति का यथार्थ चित्रण है। यह दुष्चक्र केवल भ्रष्टाचार को जन्म नहीं देता, बल्कि जनविश्वास को भी गहरी चोट पहुँचाता है।दल-बदल का यह प्रकरण हमें सोचने पर विवश करता है कि क्या हमारे लोकतंत्र में वैचारिक प्रतिबद्धता अब गौण होती जा रही है। क्या राजनीतिक दल केवल अवसरवादिता के मंच बनकर रह गए हैं। जब कोई नेता किसी विचारधारा के आधार पर जनता का समर्थन प्राप्त करता है और बाद में उसी विचारधारा को त्याग देता है, तो यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं होता। यह मतदाता के विश्वास के साथ एक प्रकार का विश्वासघात भी है। हालाँकि अन्ना हजारे ने इस घटनाक्रम में सीधे तौर पर सांसदों की आलोचना करने से परहेज किया।उन्होंने अंतिम जिम्मेदारी जनता पर डालते हुए उसे लोकतंत्र का 'राजा' बताया। यह दृष्टिकोण भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना को दर्शाता है जहाँ अंतिम शक्ति जनता के हाथ में निहित है। यदि मतदाता जागरूक और विवेकपूर्ण निर्णय ले, तो राजनीति में व्याप्त अनेक विसंगतियों को सुधारा जा सकता है।फिर भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न अनुत्तरित नहीं रहना चाहिए।क्या केवल मतदाता की जागरूकता ही पर्याप्त है। क्या राजनीतिक दलों और नेताओं की कोई नैतिक जिम्मेदारी नहीं बनती।लोकतंत्र केवल चुनावों का नाम नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें पारदर्शिता,जवाबदेही और नैतिकता का समावेश अनिवार्य है। यदि इन मूल्यों की अनदेखी होती है,तो लोकतंत्र का ढाँचा भले ही कायम रहे,उसकी आत्मा धीरे-धीरे क्षीण हो जाती है।भारतीय राजनीति में दलबदल की समस्या नई नहीं है। साठ और सत्तर के दशक में यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई थी कि इसे 'आया राम,गया राम' की संज्ञा दी गई। इसके बाद दलबदल विरोधी कानून लाया गया, लेकिन समय के साथ उसमें कई खामियाँ सामने आईं।आज आवश्यकता इस बात की है कि इस कानून को अधिक प्रभावी बनाया जाए,ताकि कोई भी जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने जनादेश का दुरुपयोग न कर सके।

वर्तमान घटनाक्रम यह भी संकेत देता है कि आम आदमी पार्टी के भीतर पिछले कुछ समय से मतभेद और टकराव की स्थिति बनी हुई थी। यह दशार्ता है कि किसी भी राजनीतिक दल के भीतर आंतरिक लोकतंत्र का सशक्त होना कितना आवश्यक है।जब संवाद और असहमति के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होता,तब असंतोष अंततः विद्रोह का रूप ले लेता है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन सांसदों का स्वागत किया जाना भी एक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। हर राजनीतिक दल अपने विस्तार और मजबूती के लिए ऐसे अवसरों का उपयोग करता है। लेकिन यहाँ यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या केवल संख्या बल बढ़ाना ही राजनीति का उद्देश्य होना चाहिए, या फिर वैचारिक संगति और नैतिक आधार को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए।यह पूरा घटनाक्रम हमें लोकतंत्र के मूल प्रश्नों की ओर वापस ले जाता है। क्या हम केवल सत्ता परिवर्तन को ही लोकतंत्र मानते हैं,या उसके मूल्यों और आदर्शों को भी उतना ही महत्व देते हैं। क्या राजनीति केवल एक पेशा बनकर रह गई है,या यह अभी भी सेवा का माध्यम है।

आज जब देश के विभिन्न हिस्सों में चुनाव हो रहे हैं,ऐसे समय में मतदाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है। यह संदेश है कि वे केवल वादों और नारों के आधार पर नहीं,बल्कि नेताओं के आचरण और उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चयन करें,क्योंकि अंततः वही लोकतंत्र को मजबूत या कमजोर बनाता है।अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में उभरी राजनीति ने एक समय लोगों को यह विश्वास दिलाया था कि व्यवस्था को बदला जा सकता है। आज उसी व्यवस्था के भीतर इस प्रकार के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि परिवर्तन की राह आसान नहीं होती। उसे बनाए रखना उससे भी अधिक कठिन होता है।यह समय केवल आलोचना या समर्थन का नहीं है।यह आत्ममंथन का समय है। राजनीतिक दलों को अपने भीतर झांकना होगा और यह देखना होगा कि वे अपने मूल सिद्धांतों से कितनी दूर चले गए हैं। मतदाताओं को भी यह तय करना होगा कि वे किस प्रकार की राजनीति को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। अंततः लोकतंत्र की मजबूती किसी एक दल,एक नेता या एक घटना पर निर्भर नहीं करती।यह उस सामूहिक चेतना पर निर्भर करती है जो समाज के प्रत्येक नागरिक में विद्यमान होती है।यदि यह चेतना जागृत और सक्रिय रहती है,तो कोई भी दुष्चक्र अधिक समय तक टिक नहीं सकता। आज जब भारतीय राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी है,तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम केवल घटनाओं को देखने तक सीमित न रहें।हमें उनके पीछे छिपे संकेतों को भी समझना होगा। यही समझ हमें एक बेहतर,सशक्त और नैतिक लोकतंत्र की ओर ले जा सकती है जहाँ सत्ता नहीं,बल्कि सिद्धांत सर्वोपरि हों।

बिहार में बीजेपी का अपना मुख्यमंत्री आखिर राज क्या है

संजय गोस्वामी

बिहार में लगता है कहीं फिर होगा सुशासन की जगह कूशासन ना हो जाए क्योंकि नीतीश सरकार सेवामुक्त हो चुकी है और वहाँ की विपक्ष हमलावर दिखाई दे रही है आखिर इसके पीछे की मंशा क्या थी ये सभी को मालूम थी कि बीजेपी अपना मुख्यमंत्री चाहती है मुख्यमंत्री की रेश में नित्यानंद राय का भी नाम था जो अच्छा आदमी है बोलचाल की भाषा में, बिहार में जिस तरह से नीतीश कुमार को मुख्य मंत्री पद से सेवामुक्त किया गया और राज्यसभा का सांसद के लिए मनाया गया और फिर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बनाया गया इससे छोटे दलों में ही नाराजगी नहीं है बल्कि बीजेपी का एक बड़ा वर्ग भी इससे नाराज है इसके पहले पूर्व में ऊर्जा मंत्री रह चूके डॉ आर के सिंह ने सम्राट चौधरी को लेकर सवाल किये वो पार्टी को लेकर बेहद चिंताजनक बात है खासकर बिहार को लेकर बीजेपी कई चेहरा थे जो साफ छवि और पढ़े लिखें थे और वर्षो का तजुर्बा था जैसे श्री नन्द किशोर यादव, वहाँ के बीजेपी के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी जो पूर्व में वाजपेयी सरकार में सिविल एविएशन मिनिस्टर थे सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाए जाना समझ से बाहर है क्योंकि उनके

बोल चाल की भाषा पढ़े लिखे लोगों को पसंद नहीं आती है और शायद बाद में बिहार में बीजेपी को नुकसान हो सकता है नीतीश कुमार ने जानबूझकर उन्हें बनाने पर जोर दिया ताकि सम्राट चौधरी फिर कोई हरकत करेंगे और इसका खामियाजा बीजेपी को अगले चुनाव में क्या बंगाल के चुनाव में ही देखने को मिलेगा जहाँ ममता दीदी की सरकार पूर्ण बहुमत से बन रही है जिसमें निर्णायक भूमिका महिलाओ की होंगी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार जिस तरह बिहार में महिलाओ को एक सम्मान दिया इससे पश्चिम बंगाल में असर दिखेगा क्योंकि बिहार और बंगाल की सीमा सटी है जहाँ तक कुर्मी वोटर का सवाल है वो भी पश्चिम बंगाल में एंटी बीजेपी को गया है जिसकी संख्या काफी अधिक है इसलिए नीतीश कुमार ने बंगाल चुनाव से पहले ही खेल कर दिया और यूपी में भी बाद में असर आएगा आखिर बिहार में नीतीश कुमार को हटाने की जरुरत क्या थी स्वास्थ्य को लेकर जहाँ तक बात है तो राज्यसभा के सांसद भी नहीं बनाना चाहिए और क्या केंद्र में कोई अहम मंत्रालय मिलेगा सब तो भर गए फूड या उससे सम्बंधित मंत्रालय ही मिलेगा जो नीतीश कुमार लेंगे नहीं जहाँ तक बिहार के विकास की बात है तो बुलडोजर से विकास नहीं होगा क्योंकि इससे गरीबो का रोजगार चौपट होता है जब ईरान में घायल मुर्तजा खामनोई बेड पर रहकर भी ईरान की सत्ता चला रहे हैं और आईआरजीसी और वहाँ के मंत्री में टकराव देखने को मिला है उससे ऐ साफ जाहिर है कि देश या राज्य चलाऐ रखने हेतु हेल्थ कोई मुद्दा नहीं होता निर्णय लेना ही महत्वपूर्ण होता है और जिस तरह नीतीश कुमार जब मुख्यमंत्री थे तब बिहार में इन्वेस्टमेंट के कई फाइल को रिजेक्ट किया था जो उनके हिसाब से बिहार जैसे गरीब राज्य में अगर इन्वेस्टमेंट हुआ तो तोड़फोड़ होगा जमीनों पर कब्जा होगा और गरीबों को नुकसान होगा इसलिए बिहार में बीजेपी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा में लाकर सेल्फ गोल कर लिया है जोड़ तोड़ की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं चलती और दूसरे के घर में झंकाना सही नहीं है इससे समय बर्बाद होता है और व्यक्तिगत आरोप लगता है जो राजनीति में गलत है अब आमआदमी पार्टी के 3 राज्यसभा सांसद आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में गए हैं सही नहीं है आपको कभी किसी पार्टी ने विश्वास में लिया है तो धोखा देना सही नहीं है अब केजरीवाल के घर का वीडियो दिखाया जा रहा है और बीजेपी आरोप लगा रही है कि इतना बड़ा महल कैसे बनाया, ये व्यक्तिगत आरोप है इससे बचना चाहिए क्योंकि जब भी माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदीजी के ऊपर जब भी किसी बिपक्षी पार्टी ने व्यक्तिगत आरोप लगाएं हैं तब तब उस पार्टी का बहुत नुकसान हुआ है अतः राजनीति में व्यक्तिगत आरोप से बचना चाहिए। दरअसल बिहार में बीजेपी का अपना मुख्यमंत्री ऐसा चाहिए जो बीजेपी के हाई कमान की बात को माने और सही गलत जो भी हो उसकी मयार्दा का पालन करना है।

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी होगी बंद, टेकओवर करने की तैयारी में दिल्ली सरकार

महानगर मेट्रो

दिल्ली में मनमानी करने वाले प्राइवेट स्कूलों पर सरकार बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी कर रही है। सरकार तय गाइडलाइंस के खिलाफ काम करने और एडमिशन के नाम पर डोनेशल लेने वाले स्कूलों को टेकओवर कर सकती है। नई दिल्ली: मनमानी करने वाले प्राइवेट स्कूलों पर गाज गिर सकती है। तय गाइडलाइंस के खिलाफ काम करने और एडमिशन के नाम पर डोनेशन लेने वाले स्कूलों को सरकार टेकओवर कर सकती है। दरअसल, दो दिन पहले दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रोहिणी सेक्टर-13 स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल का औचक निरीक्षण किया था, जिसमें प्रशासनिक, वित्तीय और सुरक्षा संबंधी बड़ी अनियमितताएं पाई गई। सरकार का कहना है कि इस स्कूल के खिलाफ पैरेंट्स द्वारा प्रताड़ित करने और एडमिशन के नाम पर डोनेशन लिए जाने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। सरकार का कहना है कि वह सभी प्राइवेट स्कूलों की जांच कर रही है और गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें टेकओवर कर लिया जाएगा।

स्कूल में जांच करने पहुंची थी टीम

स्कूल पहुंची जांच टीम ने पाया कि स्कूल बिना वैध फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के चलाया जा रहा था। बार-बार जांच के बाद भी जरूरी सुरक्षा मानकों की कमी के कारण फायर विभाग द्वारा प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया था। स्विमिंग पूल भी बिना लाइसेंस के चल रहा था, बुनियादी सुरक्षा की भी कमी पाई गई। न तो गहराई का स्पष्ट संकेत था और न ही वर्किंग ऑक्सिजन सिलिंडर था। पूल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। टीम ने यह भी पाया कि बेसमेंट में लगभग 18 कमरों में स्टेम लैब, रोबॉटिक्स, वेस्टर्न म्यूजिक और डांस क्लास चलाए जा रहे थे, जो एमसीडी भवन मानकों, सीबीएसई और शिक्षा विभाग की गाइडलाइन का साफ उल्लंघन है। छात्रों ने पानी की क्वॉलिटी पर सवाल उठाया। यही नहीं, पैसे लेकर जो खाना दिया जा रहा था, उसको लेकर भी शिकायत दर्ज की गई। जबकि फूड स्कूल की छत पर बने अस्थायी ढांचे में तैयार किया जा रहा था, जो पास में लगे सोलर पैनलों के कारण आग लगने का सीवियर खतरा पैदा कर रहा था।

लैब में एसिड खुले में रखा मिला

जांच टीम ने पाया कि केमिस्ट्री लैब में एसिड खुले में रखा था और कई एक्सपायर्ड केमिकल्स भी मौजूद थे। कई छात्रों ने यह भी खुलासा किया कि अभिभावकों से दाखिले के लिए भारी भरकम डोनेशन लिया गया। जब छात्र इन अनियमितताओं की जानकारी दे रहे थे, तब स्कूल प्रबंधन ने निरीक्षण टीम और छात्रों के बीच सीधे बातचीत को बाधित करने का प्रयास किया। अधिकारियों के अनुसार, स्कूल द्वारा वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए खातों में हेरफेर किए जाने की भी आशंका है, जिसमें नियमित फीस को विभिन्न गतिविधियों के नाम पर लाभ के रूप में दिखाया जा रहा है, जबकि डोनेशन की राशि अलग से नकद में ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस स्कूल को डीडीए द्वारा किफायती शिक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से लीज पर जमीन दी गई थी, लेकिन शुरुआती जांच में यह संस्था लाभ कमाने का जरिया दिखाई दे रही है।

AAP के 7 सांसदों को बीजेपी में विलय की मंजूरी, राज्यसभा सचिवालय की अधिसूचना, BJP की संख्या अब इतनी

महानगर मेट्रो

आम आदमी पार्टी के 7 बागी सांसदों के बीजेपी में विलय के लिए राज्यसभा सभापति ने मंजूरी दे दी है। इस संबंध में राज्यसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की है। यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी के 7 बागी सांसदों को राज्यसभा सचिवालय से बीजेपी में विलय की मंजूरी मिल गई है। राज्यसभा सचिवालय ने इस संबंध में सोमवार सुबह अधिसूचना जारी की है। ऐसे में राज्यसभा में बीजेपी की संख्या बढ़कर 113 हो जाएगी। शुक्रवार को राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 7 राज्यसभा सांसदों का बीजेपी में विलय करने का ऐलान किया था। राघव चड्ढा ने इसे 'आप' के दो-तिहाई से ज्यादा सांसदों का भाजपा में विलय बताया। साथ ही राज्यसभा को लेटर लिख विलय की अनुमति मांगी थी। ऐसे में सोमवार को राज्यसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर इस विलय को मंजूरी दे दी है।

राघव चड्ढा ने क्या कहा?

इससे पहले राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के दो-तिहाई से अधिक सांसदों ने भाजपा में विलय कर लिया है। सात सांसदों ने उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे राज्यसभा के अध्यक्ष को सौंपा गया था। मैंने, दो अन्य सांसदों के साथ, व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे।

राघव चड्ढा ने दावा किया है कि उनके साथ स्वाति मालीवाल और हरभजन सिंह भी हैं। इतना ही नहीं, बलबीर सिंह सीचेवाल और विक्रमजीत सिंह साहनी भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। ये सभी पंजाब से सांसद हैं। ऐसे में 2027 विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पोस्ट के अनुसार, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं, जबकि हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, विक्रम साहनी और राजिंदर गुप्ता जल्द सदस्यता ले सकते हैं।

राज्यसभा में कितनी बीजेपी-आप की सीटें?

राज्यसभा में बीजेपी की वर्तमान में 106 सीटें है, लेकिन विलय की घोषणा और राज्यसभापति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह संख्या बढ़कर 113 हो जाएगी। वहीं आम आदमी पार्टी की संख्या महज 3 रह जाएगी। जबकि कांग्रेस के राज्यसभा में 29 सांसद हैं।

तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पो को मारी टक्कर, सड़क हादसे में 3 की मौत, 3 गंभीर घायल

महानगर मेट्रो

जौनपुर के सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पो को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जौनपुर जिले में सोमवार सुबह एक बार फिर तेज रफ्तार ने कहर बरपा दिया, जहां मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के औद्योगिक इलाके सतहरिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरे टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर चीख-पुकार गूंज उठी।

सतहरिया पुलिया के पास हुआ भीषण हादसा

यह हादसा उस समय हुआ जब टेम्पो सतहरिया की तरफ से सवारियां लेकर मुंगराबादशाहपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया पुलिया के पास पहुंचा, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया और उसके परखच्चे उड़ गए।

हादसे के बाद मचा कोहराम

टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और टेम्पो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

हादसे में तीन की मौत

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान प्रमोद कुमार मिश्रा (53), शिव शंकर शर्मा (53) और बरसाती (42) के रूप में हुई है। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस मौके पर पहुंची, जांच शुरू

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे और सतहरिया चौकी इंचार्ज धनंजय राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक की तलाश शुरू कर दी है और आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

परिजनों में मचा मातम

हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। तीन लोगों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक का माहौल फैल गया।

आगरा के एक हॉस्टल रूम में मृत मिली 28 साल की मेडिकल छात्रा, सीनियर डॉक्टर पर लगाए थे उत्पीड़न के आरोप

महानगर मेट्रो

उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में एमडी की 28 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार शाम वह अपने कमरे में बेड मृत पड़ी थीं। मौत की खबर तब मिली जब छात्रा की मां लगातार उसे कॉल कर रही थी, लेकिन वह फोन रिसीव नहीं कर रही थी। सहपाठी को फोन करके उसका हाल जानने के लिए बोला तो वह बेड पर पड़ी मिली। पुलिस के अनुसार प्रथम दृश्यता में मामला सुसाइड का प्रतीत हो रहा है। हालांकि उन्हें कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। लखनऊ की रहने वाली छात्रा ने फरवरी 2026 में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में एमडी की डिग्री करने के लिए प्रवेश लिया था। वह साइको से एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. दिनेश राठौर ने बताया कि वह सोमवार को ही अपने घर लखनऊ से लौटकर आई थी। वह हॉस्टल की पहली मंजिल के कमरे में रहती थी। रविवार को उसकी मां ने कई बार कॉल किया मगर उसने फोन नहीं उठाया। इस पर उसकी मां से उसके सहपाठी सिद्धार्थ शर्मा को फोन करके उससे बात कराने के लिए बोला था। शाम करीब 5.28 पर जब सिद्धार्थ कमरे में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने संस्थान के अन्य लोगों को बुलाया था।

सीनियर डॉक्टर पर लगाया था उत्पीड़न का आरोप

छात्रा ने इस साल 22 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में साइको प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था। संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश राठौर ने बताया कि छात्रा ने गाजियाबाद के सीनियर रेजीडेंट डॉ. सार्थक पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। दोनों फरवरी के महीने में कहीं गए थे, लौटकर आने के बाद छात्रा ने सार्थक के खिलाफ शिकायत की थी। इसकी जांच करवाई गई तो छात्रा के आरोप सही नहीं पाए गए थे। तब से वह तनाव में रहने लगी थी। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को भी उसने अपनी जान देने के लिए नींद की गोलियों की ओवरडोज ले ली थी।

डिप्रेशन की दवा खा रही थी वर्तिका

दरवाजा तोड़कर जब कमरे में लोग दाखिल हुए तो छात्रा बेड पर अचेतावस्था में पड़ी थी। उसे एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा पहले से डिप्रेशन में चल रही थी। वह डिप्रेशन की दवा भी खा रही थी। परिजन उसका लगातार ख्याल रख रहे थे। इसीलिए लगातार उससे फोन पर बातचीत करते रहते थे।

जांच करेंगी टीमें

छात्रा की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और पुलिस दोनों जांच करेंगी। एसीपी हरीपर्वत अमीषा ने बताया कि छात्रा के कमरे से उन्हें अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके फोन और सोशल मीडिया चेक की जाएगी। कहीं उसने कोई मैसेज तो नहीं छोड़ा है। फिलहाल उसका पीएम कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट आने की बाद मौत की सही वजह सामने आएगी। इसके अलावा संस्थान के निदेशक ने तीन सदस्यीय टीम बनाई है। जिसमें डॉ. चंचल चंद्रा, डॉ. ब्रजेश कुमार और डॉ. सुमित्रा मिश्रा शामिल हैं।

'चाची आई लव यू' बोलना मनचलों को पड़ा भारी, बागपत में लड़की ने बीच सड़क सिखाया सबक

महानगर मेट्रो

यूपी के बागपत में दिल्ली हाइवे पर मनचलों की 'आशिकी' उस वक्त आफत बन गई जब एक युवती ने सरेराह छेड़छाड़ करने वाले युवकों को जेल भिजवा दिया. नशे में धुत युवकों ने युवती और उसकी भाभी पर भद्दे कमेंट्स किए थे, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की. बागपत के कोतवाली बड़ौत क्षेत्र में दिल्ली हाइवे पर 26 अप्रैल की रात कार सवार चार युवकों ने अस्पताल से लौट रही एक युवती, उसकी बहन और भाभी के साथ बदतमीजी की. आरोपियों ने महिलाओं को देखते ही 'चाची आई लव यू' कहकर फब्तियां कसीं और अश्लील इशारे किए. इस हरकत से परेशान युवती ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली. मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से शराब की बोतल बरामद की और शुभम, विक्रांत और विनीत नामक युवकों को दबोच लिया. युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 296 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. दिल्ली हाइवे पर एक बैंकेट हॉल के पास कार सवार युवकों का हंगामा उस समय बढ़ गया जब उन्होंने मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं. पीड़ित युवती के मुताबिक, आरोपी नशे की हालत में थे और लगातार पीछा करते हुए गंदे इशारे कर रहे थे. 'चाची आई लव यू' के कमेंट के साथ शुरू हुई यह छेड़खानी हाईवे पर बड़े हंगामे में बदल गई. हालांकि, युवती ने डरने के बजाय साहस दिखाया और बीच सड़क पर ही पुलिस को सूचना देकर मनचलों का सारा 'रोमांस' थाने पहुंचा दिया.

शराब की बोतल बरामद, तीन गिरफ्तार

पुलिस ने सूचना मिलते ही घेराबंदी कर मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अज्ञात युवक भागने में सफल रहा. जांच के दौरान आरोपियों की कार से शराब की बोतल भी मिली है, जिससे पुष्टि हुई कि वे नशे में धुत थे. पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार साथी की तलाश की जा रही है.

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी समेत मासूम की मौत, ड्राइवर फरार

महानगर मेट्रो



कासगंज के गंगा घाट पुल पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें एक ही परिवार के पति, पत्नी और दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

कासगंज में भीषण सड़क हादसा

सूरज मौर्या, कासगंज: उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में रविवार देर शाम एक ऐसा दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। शादी की खुशियों में शामिल होने जा रहा एक परिवार अचानक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया, जिसमें पति-पत्नी और उनका मासूम बेटा मौके पर ही काल के गाल में समा गए। यह हादसा कादरगंज गंगा घाट पुल के पास हुआ, जहां लापरवाही और रफ्तार ने एक पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते सड़क पर मातम पसर गया।

गंगा घाट पुल के पास हुआ भीषण हादसा

यह दर्दनाक घटना कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के कादरगंज गंगा घाट पुल पर हुई। थाना पटियाली क्षेत्र के ग्राम रमपुरा निवासी सोमवीर अपने परिवार के साथ बाइक से भतीजी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। बाइक पर उनके साथ उनकी पत्नी अमीता और दो वर्षीय बेटा शिवा सवार था। जैसे ही वे गंगा घाट पुल के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

शादी की खुशियां पलभर में बदली मातम में

सोमवीर दिल्ली के बेगमपुर में रहकर ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे थे, जिनमें दो बेटियां भी शामिल हैं। भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए निकला यह परिवार कभी वापस नहीं लौट सका। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और चारों ओर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस

सूचना मिलने पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

परिवार में पसरा मातम

इस हादसे की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। एक ही झटके में परिवार के तीन सदस्यों की मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया है।

दिल्ली: पेशाब करने के विवाद में 2 युवकों की बुरी तरह पिटाई, लगाने पड़े 35 टांके

महानगर मेट्रो

दिल्ली से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां पेशाब करने के विवाद को लेकर दो लोगों पर हमला कर दिया गया. जिससे दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए. जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में एक मामूली विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब पेशाब करने को लेकर शुरू हुई कहासुनी ने खूनी झड़प का रूप ले लिया. इस घटना में दो युवक- मोहित और विकास यादव गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन पर चाकू, तलवार और चापड़ से हमला किए जाने का आरोप है.

घायलों में एक युवक को 35 तो दूसरे को 9 टांके लगे हैं

घायल विकास यादव को सिर से लेकर पूरे शरीर तक करीब 35 टांके लगे हैं. जबकि मोहित के शरीर पर 9 टांके लगे हैं. दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत को लेकर परिजन चिंतित हैं. पीड़ितों का आरोप है कि जिन लोगों से उनका विवाद हुआ, उनमें मुख्य आरोपी संदीप आहूजा है, जो खुद को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता और 'अखंड भारत मोर्चा' का अध्यक्ष बताता है. पीड़ितों का कहना है कि आरोपी की राजनीतिक पहुंच के कारण पुलिस उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं कर रही है. मोहित और विकास ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद जब वे पुलिस थाने पहुंचे, तो उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया. इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में भी उन्हें तुरंत भर्ती नहीं किया गया, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ सकती थी. परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरतते हुए गंभीर धाराएं लगाने के बजाय हल्की धाराओं में केस दर्ज किया है. इससे पीड़ित परिवार में नाराजगी और डर का माहौल है. उनका कहना है कि अगर समय रहते सख्त कार्रवाई होती, तो अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी होती.

पीड़ित परिवार ने लगाया ये आरोप

पीड़ित परिवार ने यह भी बताया कि संदीप आहूजा के सोशल मीडिया पर कई बड़े नेताओं के साथ फोटो हैं, जिससे उसकी पहुंच का अंदाजा लगाया जा सकता है. परिवार का कहना है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और निजी अस्पताल में इलाज कराने में सक्षम नहीं हैं, जबकि सरकारी सिस्टम से भी उन्हें अपेक्षित मदद नहीं मिल रही. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है. लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है. वहीं पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके और इलाके में कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बना रहे.

जन्मदिन का शोर सुनकर दिल्ली में हेड कॉन्स्टेबल ने चला दी गोली, युवक की मौत, थाने से 100 मीटर दूर हुई घटना

महानगर मेट्रो

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में तैनात एक हेड कॉन्स्टेबल से चली गोली से एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दूसरा शख्स गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने आरोपी कॉन्सटेबल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। यह वारदात थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर हुई।? नवीन निश्चल, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस के सबसे महत्वपूर्ण यूनिट स्पेशल सेल में तैनात एक हेड कॉन्स्टेबल की पिस्टल से चली गोली से जहां एक शख्स की मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत काफी गंभीर है। मृतक की पहचान पांडव कुमार (21) के रूप में हुई है, जबकि घायल की पहचान किशन (29) के रूप में हुई है। दोनों को नजदीक के जाफरपुर कलां स्थित राव तुलाराम हॉस्पिटल में शनिवार देर रात ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने पांडव को मृत घोषित कर दिया। बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए रखवा दिया गया। उनके सीने में बाईं तरफ गोली लगी थी, जिससे उनकी मौत हो गई।

कॉन्सटेबल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

घायल रूपेश को बेहतर इलाज के लिए हरिनगर के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भेज दिया गया। मृतक और घायल दोनों के परिवार वाले बिंदापुर में रहते हैं। दोनों मूलरूप से बिहार के खगड़िया जिला के रहने वाले बताए गए है। जाफरपुर कलां थाना में आरोपी हेड कॉन्स्टेबल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। मृतक और घायल के परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह वारदात जाफरपुर कलां थाना से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुई। रात 2 बजे के आसपास गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया गया। रात में ये लोग एक बच्चे का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए उत्तम नगर से पहुंचे थे। केक काटने के बाद ये लोग पार्टी कर लौट रहे थे। इसी दौरान शोरगुल सुनकर आरोपी हेड कॉन्स्टेबल, जो पड़ोस में ही रहता है,

दिल्ली के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर भीषण हादसा, 2 बाइक सवार युवकों की मौत, एक नाले में गिरा

महानगर मेट्रो

दिल्ली में एक भीषण हादसा सामने आया है। राजधानी के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर एक बाइक पर सवार 3 लोगों का एक्सीडेंट हो गया, जिसमें से 2 की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद से बाइक सवार तीसरा युवक लापता है, वह हादसे के दौरान नाले में गिर गया था। नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली में मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर एक भीषण सड़क हादसे का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे 3 युवक हादसे का शिकार हो गए। इनमें से 2 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक नाले में गिर गया। पुलिस फिलहाल लापता युवक की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि हादसा इतना जोरदार था कि दो युवकों की मौत तत्काल हो गई, जबकि तीसरा नाले में गिरने के बाद लापता हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने सबसे पहले लापता युवक को खोजने का काम शुरू किया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

10 दिन से वो सब कुछ मायके भेज रही', भोपाल में लव मैरिज के सात महीने बाद युवक ने दी जान, OYO में मिली लाश

महानगर मेट्रो

भोपाल के शाहपुरा इलाके स्थित एक होटल में युवक ने जान दे दी है। युवक का पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। दोनों ने सात महीने पहले ही लव मैरिज की थी। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक युवक ने जान दे दी है। उसने इससे पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। साथ ही इसके लिए अपनी दादी सास और पत्नी पर आरोप लगाया है। उसका ओयो होटल में मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सात महीने पहले की थी लव मैरिज

पूरा मामला भोपाल के शाहपुरा थाना क्षेत्र का है। मृतक युवक की पहचान विकास हिरवे के रूप में हुई है। वह हबीबगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक उसने सात महीने

पहले ही लव मैरिज की थी। अब अपनी पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

स्नेहा सोलंकी से की है लव मैरिज

बताया जा रहा है कि सात महीने पहले युवक ने स्नेहा सोलंकी से शादी की थी। उसका नाम विकास हिरवे है। उसने वीडियो में कहा है कि मैं मनमर्जी से सुसाइड कर रहा हूं। इसकी जिम्मेदार मेरी पत्नी होगी। वह 10 दिन से अपने मायके यहां से गहने और अन्य सामान लगातार भेज रही थी। वह मुझे प्रताड़ित करती थी। साथ ही लगातार विवाद करती थी। युवक ने अपनी दादी सास पर भी आरोप लगाया है। उसकी दादी सास लगातार भड़का रही थीं। मेरी मौत के लिए पत्नी और दादी सास जिम्मेदार है।

ओयो होटल में दी जान

युवक ने शाहपुरा इलाके स्थित एक ओयो होटल में कमरा बुक किया था। इसी कमरे में उसने अपनी जान दी है। रविवार की सुबह स्टाफ ने देखा कि कमरे में उसका शव लटका हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम वहां पहुंची और परिजनों को इसकी सूचना दी। पुलिस ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

शनिवार को भी हुआ था विवाद

परिजनों ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच शनिवार को विवाद हुआ था। वह रात में किसी को बिना बताए घर से निकल गया। रात तीन बजे उसका पोस्ट देखकर लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। मेरे परिवार के लोग पत्नी से बहुत प्यार करते थे लेकिन वह झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी।

AC छोड़ें, प्याज साथ रखें', भीषण गर्मी के बीच केंद्रीय मंत्री सिंधिया की अनोखी सलाह

महानगर मेट्रो

भीषण गर्मी के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एसी से बचने और जेब में प्याज़ रखने की सलाह दी है. देश में 40-46ए सेल्सियस तापमान के बीच लू का खतरा बढ़ा है. भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हीटवेव से निपटने के लिए एयर कंडीशनिंग (AC) का इस्तेमाल न करने और अपने साथ एक प्याज़ रखने का सुझाव दिया है. उन्होंने इसके लिए अपनी 'चंबल की त्वचा' और पारंपरिक उपायों का हवाला दिया. कई राज्यों में तापमान 40-46एष्ट के बीच पहुंच गया है और लू चलने की चेतावनी जारी की गई है, तो वहीं सिंधिया की यह सलाह उनकी आदत और सदियों पुरानी प्रथाओं का मिला-जुला रूप दिखाती है. सिंदिया की यह सलाह पारंपरिक राहत के तरीकों और भीषण लू की बढ़ती हुई असलियत के बीच के अंतर को भी उजागर करती है. जब भारत के बड़े हिस्से झुलसा देने वाले तापमान का सामना करने के लिए तैयार हैं, तब

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक अनोखी सलाह दी है. उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए AC का इस्तेमाल न करें और अपने साथ एक प्याज़ रखें. रविवार को मध्य प्रदेश के शिवपुरी में एक पब्लिक मीटिंग में बोलते हुए, सिंधिया ने कहा कि जब तापमान 50 डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो गर्मी से निपटने के लिए मैं अपनी 'चंबल की त्वचा' पर भरोसा करता हूं. उनका यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में लू चलने की नई चेतावनी जारी की है. उन्होंने आगे कहा, 'अपनी जेब में एक प्याज़ रखें, आपको कुछ नहीं होगा. आज के ज़माने में हर कोई डिब्बे लेकर घूम रहा है. संचार मंत्री प्याज़ लेकर घूम रहे हैं. ये पुरानी बातें हैं और जैसे-जैसे आयुर्वेद आगे बढ़ रहा है, हमें इन बातों को भूलना नहीं चाहिए. '

पूरे भारत में लू का प्रकोप!

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, ज्यादातर इलाकों में इस वक्त अधिकतम तापमान 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है. कुछ इलाकों में तापमान पहले ही चरम स्तर पर पहुंच चुका है, जहां अकोला में 46.9 डिग्री सेल्सियस का उच्च तापमान दर्ज किया गया है. मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुछ अलग-अलग हिस्सों में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति की चेतावनी दी है. इसके साथ ही, वीकेंड में जम्मू-कश्मीर में भी लू चलने की संभावना जताई गई है. पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात जैसे सूबों में भी ऐसी ही स्थितियों का सामना करने की उम्मीद है, जबकि छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में 28 अप्रैल तक लू की स्थिति बनी रह सकती है.

सड़क पर तड़प-तड़प कर गिरे कबूतर, छिंदवाड़ा में आसमान से बरसती आग ने ली बेजुबानों की जान

महानगर मेट्रो

छिंदवाड़ा के परासिया में आसमान से बरसती आग अब बेजुबानों के लिए काल बन गई है। रविवार को भीषण लू के चलते वार्ड क्रमांक 17 में दर्जनों कबूतरों की तड़पकर मौत हो गई, जिसने इंसानी संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के परासिया में लगातार बढ़ते तापमान ने अब पशु-पक्षियों के लिए भी गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। रविवार दोपहर पेंचवेली स्कूल से भंडारिया जाने वाले मार्ग, वार्ड क्रमांक 17 में कई कबूतर मृत अवस्था में मिले, जबकि कुछ तड़पते हुए देखे गए। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है और लोग इसे भीषण गर्मी का असर मान रहे हैं।

दोपहर को कई कबूतरों ने तोड़ा दम

बताया जा रहा है कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जब तापमान अपने चरम पर था, तब सड़क और आसपास का क्षेत्र अत्यधिक गर्म हो गया था। इसी दौरान कबूतर अचानक जमीन पर गिरने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि कई कबूतर दम तोड़ चुके थे। भंडारिया में आयोजित एक विवाह समारोह में पहुंचे विनय राजा जोशी ने बताया कि सड़क किनारे झाड़ियों और खुले मैदान में बड़ी संख्या में कबूतर मृत पड़े थे, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

40 के पार पहुंचा तापमान

क्षेत्र में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर में चलने वाली गर्म लू लोगों के साथ-साथ जीव-जंतुओं के लिए भी खतरनाक साबित हो रही है। घरों के भीतर का तापमान भी 35-36 डिग्री तक पहुंच रहा है, जिससे राहत मिलना मुश्किल हो गया है। पशु-पक्षी प्रेमी जितेंद्र मौर्य के अनुसार, कबूतरों की मौत के पीछे मुख्य कारण पानी की कमी, अत्यधिक गर्मी और भोजन की अनुपलब्धता है। उन्होंने बताया कि कबूतर अपने शरीर का तापमान नियंत्रित रखने के लिए पानी पर निर्भर रहते हैं, लेकिन पानी न मिलने पर वे तेजी से कमजोर हो जाते हैं।

नागरिकों से छत पर पानी रखने की अपील

इसके अलावा गर्म तासीर वाले अनाज का सेवन भी उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि गंदगी और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रहने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कंक्रीट के बढ़ते जंगलों के कारण प्राकृतिक ठंडक खत्म हो रही है, जिससे पक्षियों को राहत नहीं मिल पाती। ऐसे में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों की छत या बालकनी में मिट्टी के बर्तनों में स्वच्छ पानी रखें और पक्षियों के लिए सुरक्षित स्थानों पर दाना डालें।

'ये देखिए जज साहब मेरी सौतन', ननद की फोटो दिखाकर महिला ने ले लिया एकतरफा तलाक

महानगर मेट्रो

मध्यप्रदेश के ग्वालियर के फैमिली कोर्ट से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने पति की बहन को ही 'दूसरी पत्नी' बताकर अदालत से एकतरफा तलाक हासिल कर लिया. पति को जब सच्चाई पता चली तो उसने हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी है. अब मामले की सुनवाई से पूरे घटनाक्रम का खुलासा होगा. ग्वालियर के फैमिली कोर्ट से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक महिला ने अपने पति से तलाक लेने की जिद में अदालत को ही बेवकूफ बना दिया. महिला ने पति की सगी बहन को ही 'दूसरी पत्नी' बताकर कोर्ट से एकतरफा तलाक हासिल कर लिया. उसने बड़ी आसानी से फैमिली फोटो में पति की बहन को उसकी दूसरी पत्नी होने के सबूत के तौर पर पेश कर न्यायालय को गुमराह किया और तलाक की डिक्री ले ली.

धोखे से कोर्ट से लिया फैसला

जब पति को इस फैसले की जानकारी मिली तो उसने दस्तावेज खंगाले और सच्चाई सामने आई.अब पति ने इस एकतरफा तलाक को ग्वालियर हाईकोर्ट में चुनौती दी है और आरोप लगाया है कि पत्नी ने धोखे से कोर्ट से फैसला लिया. मामले में अब हाईकोर्ट सुनवाई करेगा, जिससे पूरे घटनाक्रम पर बड़ा खुलासा हो सकता है. दरअसल, यह मामला ग्वालियर की रहने वाली एक महिला की शादी साल 1998 में हुई थी. उसका पति एक मार्केटिंग कंपनी में अधिकारी है और काम के सिलसिले से अक्सर बाहर रहता थाय इसी वजह से दोनों के बीच में विवाद बढ़ता गया और साल 2015 में महिला अलग रहने लगी. करीब 10 साल से अलग रह रही महिला किसी भी स्थिति में पति से तलाक लेना चाहती थी लेकिन पति तलाक देने के लिए तैयार नहीं था.

फैमिली फोटो में ननद को बता दिया सौतन

ऐसे में साल 2021 में महिला ने फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी लगाई. जिसमें बताया गया कि पति ने दूसरी शादी कर ली है. पत्नी ने पति से तलाक लेने के लिए कोर्ट में सबूत के तौर पर एक फोटो पेश किया, जिसमें उसका पति अपनी बहन और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खड़ा था. पत्नी ने उस फोटो में मौजूद ननद यानी अपने पति की सगी बहन को उसकी दूसरी पत्नी बता दिया. ऐसे में कोर्ट ने उसे सबूत मानते हुए महिला को तलाक की डिक्री दे दी. पति को तलाक की जानकारी अप्रैल के पहले हफ्ते में मिली तो उसने सारा रिकार्ड देखा. तब उसे मालूम हुआ कि पत्नी ने उसकी सगी बहन को दूसरी पत्नी बताते हुए एक तरफा तलाक की डिक्री हासिल कर ली थी. ऐसे में अब पति ने ग्वालियर हाईकोर्ट में इस डिक्री को चैलेंज किया है. जिसमें पत्नी द्वारा कोर्ट को गुमराह कर धोखे से फैसला लेने की जानकारी दी है. ऐसे में अब हाई कोर्ट पूरे मामले की सुनवाई करेगा.

नर्मदापुरम में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, हादसे में पांच लोगों की मौत, छह लोग हैं घायल

महानगर मेट्रो

मध्य प्रदेश के नर्मदापुर में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। नर्मदापुरमः मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में देर रात बड़ा हादसा हुआ है। इसके बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। घटना माखननगर थाना क्षेत्र की है। इस हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीएम के बाद सभी शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

कैसे घटी घटना

हादसे में सभी मृतक माखननगर के हैं बुधनी से एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जाकर टकराई कार हादसे में पांच की मौत और छह घायल चालक की लापरवाही मानी जा रही वहीं, शुरुआती तौर पर हादसे की वजह कम दृश्यता या चालक की लापरवाही मानी जा रही है, हालांकि असली कारण जांच के बाद ही सामने आएगा। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जिला अस्पताल में रातभर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। शादी से लौट रही खुशियां कुछ ही पलों में मातम में बदल गईं।

शादी समारोह से लौट रहे थे लोग

जानकारी के अनुसार, महेंद्रवाड़ी और माखननगर के निवासी एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद बुधनी से लौट रहे थे। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब एक से दो बजे के बीच नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा गांव के पास उनकी टवेरा गाड़ी अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। बताया जा रहा है कि क्रॉसिंग के दौरान टवेरा अनियंत्रित होकर ट्रॉली के साइड में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों और मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 6 से 7 घायलों का इलाज जारी है। नर्मदापुरम पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रंप पर फायरिंग होनी ही थी, भारत में भी लोगों का मिजाज कुछ ऐसा ही, कांग्रेस के विजय वडेट्टीवार का विवादित बयान

महानगर मेट्रो

महाराष्ट्र कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि वॉइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के डिनर में हुई गोलीबारी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे, उनके शासन करने के तरीके को देखते हुए होना ही था। विजय वडेट्टीवार ने इसकी तुलना भारत से भी की। नागपुर : कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने वॉइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में हुई हालिया गोलीबारी की घटना पर टिप्पणी करके एक राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। BJP ने उनकी इन टिप्पणियों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को सही ठहराने की कोशिश के तौर पर देखा। इस घटना को सत्ता में बैठे लोगों के प्रति जनता के गुस्से से जोड़ते हुए वडेट्टीवार ने कहा कि जब नेता जनता के हितों के खिलाफ काम करते हैं, तो ऐसी प्रतिक्रियाएं होनी ही हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि भारत में भी, भले ही सड़कों पर विरोध प्रदर्शन न हो रहे हों, लेकिन लोगों का मिजाज कुछ ऐसा ही है। उनके इस

बयान पर सत्ताधारी पार्टी ने उनकी कड़ी आलोचना की। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि वॉइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में हुई गोलीबारी की घटना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन करने के तरीके को देखते हुए होना ही था। भारत से वॉइट हाउस घटना की तुलना करते हुए विजय वडेट्टीवार ने कहा कि यहां के लोग भी नाखुश हैं। अमेरिका की गोलीबारी की घटना की भारत से तुलना करते समय उन्होंने किसी भी नेता या संवैधानिक पद का नाम लेने से परहेज़ किया।

'जैसी करनी, वैसी भरनी'

विजय वडेट्टीवार ने कहा कि सत्ता में रहते हुए, ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर दबदबा बनाने और दूसरे देशों को अस्थिर करने की कोशिश की। जैसी करनी, वैसी भरनी। उन्होंने हर देश को अपने प्रभाव में लाने के लिए काम किया। चूंकि चीजें वैसी नहीं हुईं जैसा उन्होंने सोचा था, इसलिए ऐसा होना ही था। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ट्रंप के फैसलों ने अमेरिका को नुकसान पहुंचाया है।

'लोग बस सड़क पर नहीं उतर रहे'

कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा कि भारत में भी जनता का मिजाज कुछ अलग नहीं है। चूंकि यहां लोग सड़कों पर नहीं उतर रहे हैं, इसलिए यह भ्रम बना हुआ है कि सब कुछ ठीक है। लेकिन लोगों की भावनाएं अभी भी वही हैं, कि भारत को नुकसान पहुंचा है। ट्रंप ने दुनिया को अपने काबू में करने के लिए हर देश में उथल-पुथल मचाने की कोशिश की। उन्होंने हर देश को नियंत्रित करने का प्रयास किया और कहा कि पूरी दुनिया हमारी गुलाम है। और उन्होंने अमेरिका को भी बर्बाद कर दिया। ईरान से उनका कोई लेना-देना नहीं था, फिर भी उन्होंने हमला कर दिया। ऐसा होना ही था। आज, ट्रंप ने अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए, अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए... पूरे अमेरिका को बर्बाद कर दिया है। ठीक वैसे ही, जैसा कि भारत में हो रहा है। ऐसा होना ही था। लोग सड़कों पर उतर आए और उनका विरोध किया। विजय वडेट्टीवार, कांग्रेस विधायक

बीजेपी ने विजय वडेट्टीवार पर साधा निशाना

BJP ने विजय वडेट्टीवार पर उनके उस बयान को लेकर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने कांग्रेस पर राजनीतिक हिंसा का समर्थन करने और उसे सही ठहराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कभी कांग्रेस कहती है कि 'मोदी की कब्र खुदेगी', तो कभी जान से मारने की धमकियां देती है। खरगे जी कहते हैं कि BJP और रस्स ज़हरीले सांप हैं - इन्हें खत्म कर देना चाहिए। मोदी जी की तुलना आतंकवादियों से करते हैं। और अब, एक 'आदतन अपराधी' विजय वडेट्टीवार की तरफ से यह चौंकाने वाला बयान आया है वही वडेट्टीवार, जिसने 26/11 के मुंबई हमलों के मामले में पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दे दी थी।

'एंटी नेशनल कांग्रेस'

यह 'मोहब्बत की दुकान' नहीं, बल्कि 'नफ़रत के भाईजान' हैं। यह,ह्रष्ट है - यानी 'एंटी-नेशनल कांग्रेस' (राष्ट्र-विरोधी कांग्रेस)। वहीं बाद में अपनी टिप्पणियों को थोड़ा नरम करते हुए, विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अमेरिका की गोलीबारी की घटना अपने आप में दुर्भाग्यपूर्ण थी। इतने ऊंचे पद पर बैठे किसी व्यक्ति के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन जनता की प्रतिक्रिया अक्सर नेतृत्व के स्वभाव को दर्शाती है, और ऐसी घटनाएं इसी बात का संकेत होती हैं।

खार में राघव चड्ढा के घर के सामने AAP का प्रदर्शन, मुंबई पुलिस ने कई को हिरासत में लिया, बाद में छोड़ा

महानगर मेट्रो

राघव चड्ढा के खिलाफ मुंबई के खार क्षेत्र में प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राघव चड्ढा शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। 'आप' की मुंबई यूनिट की अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन ने दावा किया कि पुलिस ने 'आप' कार्यकर्ताओं को गद्दार चड्ढा के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने से रोका।

मुंबई में आप का प्रदर्शन

मुंबई : आम आदमी पार्टी (AAP) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के भाजपा में शामिल होने के विरोध में रविवार को मुंबई में खार इलाके स्थित उनके घर के सामने आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान AAP के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आप पार्टी नेताओं ने इस पुलिसिया कार्रवाई को लोकतांत्रिक विरोध को दबाने वाला कदम बताया है। AAP की मुंबई इकाई की अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ता राघव चड्ढा के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रीति शर्मा मेनन ने कहा कि राघव चड्ढाने पार्टी और उसके सिद्धांतों से विश्वासघात किया है, इसलिए कार्यकर्ता विरोध जता रहे थे। भाजपा को सड़कों पर प्रदर्शन की खुली छूट है, जबकि AAP कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है। मेनन ने यह भी दावा किया कि स्थानीय नेता रुबेन मास्कारन्हास को पुलिस ने हिरासत में लेकर खार पुलिस स्टेशन पहुंचा दिया। मुंबई पुलिस के पास राघव चड्ढा के मुंबई स्थित आवास की सुरक्षा के अलावा कोई अन्य काम नहीं है। 'आप' की मुंबई इकाई के कार्यकर्ताओं को 'गद्दार' के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने से रोका गया। रूबेन को खार पुलिस थाने में हिरासत में लिया गया है। लेकिन भाजपा को मनमाने ढंग से सड़कें अवरुद्ध करने की छूट दी गई है। प्रीति शर्मा मेनन

रुबेन मास्कारन्हास को थाने लाया गया

खार पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि रुबेन मास्कारन्हास समेत कुछ कार्यकर्ताओं को स्टेशन हाउस लाया गया। हालांकि, पुलिस ने कुछ देर बाद ही सभी को छोड़े जाने की बात कही। 'आप' की मुंबई इकाई ने हाल में भाजपा में शामिल हुए चड्ढा और पार्टी के छह अन्य राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ खार क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी।

राघव चड्ढा समेत इन्होंने छोड़ी है आप

'आप' को शुक्रवार को उस समय बड़ा झटका लगा था, जब राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल ने पार्टी छोड़ दी थी। इन सांसदों ने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से भटक गई है।

तबेले में जमीन के नीचे छिपाकर रखा गया था कई किलो गांजा, पुलिस ने ऐसे किया पर्दाफाश

महानगर मेट्रो

महाराष्ट्र राज्य के पुणे के सांगवी क्षेत्र में पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान गणेश चव्हाण के रूप में हुई है. जिससे पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. पुणे में नशीले पदार्थों के खिलाफ सांगवी पुलिस ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है. गिरफ्तार आरोपी गणेश चव्हाण से की गई गहन पूछताछ के दौरान इस मामले से जुड़े कई अहम सुराग सामने आए हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच की दिशा और तेज कर दी है. गणेश चव्हाण को कुछ दिन पहले सांगवी पुलिस ने गिरफ्तार किया था. उसे अदालत में पेश करने के बाद पुलिस कस्टडी में भेजा गया, जहां उससे तकनीकी और सख्त पूछताछ की गई. शुरुआती जांच में पता चला कि उसके पास से बरामद करीब 14 किलो गांजा दूसरे राज्य से लाया गया था. इससे यह मामला बड़े स्तर पर फैला होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने जांच और तेज कर दी. साथ ही इस नेटवर्क में अन्य आरोपियों की संलिप्तता की भी संभावना जताई गई. हालांकि इस दौरान गणेश चव्हाण का साथी विनोद धरे फरार था और पुलिस के संदेह के घेरे में था. पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी. पूछताछ के दौरान जब गणेश चव्हाण पर सख्ती की गई, तो उसने अहम जानकारी पुलिस को दी. इसी जानकारी के आधार पर दौंड तालुका के पाटेखान गांव में स्थित विनोद धरे के घर पर सांगवी पुलिस ने छापा मारा.

जमीन के अंदर छिपाया गया था गांजा

छापेमारी के दौरान घर के पास स्थित पशुओं के गोठे में जमीन के अंदर बेहद चालाकी से छिपाकर रखा गया करीब 60 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया. यह कार्रवाई पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से की गई थी. इस बरामदगी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल 74 किलो गांजा जब्त किया जा चुका है, जिसकी बाजार में कीमत भी काफी अधिक बताई जा रही है. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गणेश चव्हाण और विनोद धरे मिलकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गांजे की सप्लाई करते थे. उन्होंने नशीले पदार्थों का एक नेटवर्क तैयार किया था, जिसमें अन्य लोगों की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है. फिलहाल विनोद धरे फरार है और सांगवी पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है. इस मामले में आगे और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है. नशीले पदार्थों के खिलाफ यह कार्रवाई बेहद अहम मानी जा रही है, जिससे इलाके में ऐसे अवैध धंधों पर लगाम लगने की उम्मीद है.

पति ने पत्नी की हत्या कर लकड़ी के बॉक्स में छिपा सीमेंट से कर दिया पैक

-परिवार-पुलिस को किया गुमराह, एक पत्र ने खोला राज, आरोपी फरार

अहमदाबाद (एजेंसी)। सूरत शहर के सलाबतपुरा इलाके में मेरठ में हुए हत्याकांड की तरह एक कांड हुआ जिसमें पत्नी ने नहीं बल्कि पति ने घटना को अंजाम दिया और नीले ड्रम की जगह लकड़ी के बॉक्स में पत्नी की लाश को छुपा दिया। इस हत्याकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पति विशाल सालवी ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर अपराध को छिपाने के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया। उसने 20 अप्रैल को अपनी पत्नी और पेशे से डायटीशियन शिल्पा की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को छिपाने के लिए एक लकड़ी का बॉक्स तैयार किया और उसमें शव रखकर ऊपर से मोटी सीमेंट की परत चढ़ा दी, ताकि बदबू बाहर न आए और किसी को शक न हो। पुलिस के मुताबिक 20 अप्रैल को घरेलू झगड़े में विशाल ने शिल्पा की हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को गोदादरा स्थित अपने घर से सलाबतपुरा के पुराने मकान में ले जाकर पहले मंजिल पर लकड़ी के बक्से में रखा और उस पर सीमेंट डालकर छिपा दिया। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने अपराध छिपाने के लिए परिवार और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की उसने रिश्तेदारों को बताया कि वह शिल्पा को एसएमआईएमईआर अस्पताल छोड़कर आया था और वह घर नहीं लौटी। उसने पुलिस में मिसिंग रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। शिल्पा के पिता प्रदीप कोस्टा, जो छत्तीसगढ़ से सूरत आए थे, कई बार दोनों के बीच मध्यस्थता कर चुके थे। जब शिल्पा का फोन स्विच ऑफ मिला तो शक बढ़ गया। हालांकि मामले का सबसे ड्रामेटिक मोड़ शनिवार को आया, जब दंपति के बेटे ने व्हाट्सएप पर एक रिश्तेदार को पत्र भेजा। इस पत्र में विशाल ने खुद कबूल किया कि शुरुआती सालों में वैवाहिक जीवन शांतिपूर्ण था लेकिन लगातार घरेलू कलह ने उसे अपराध करने पर मजबूर कर दिया। पुलिस ने इसी पत्र के आधार पर पुराने मकान की तलाशी ली और शव बरामद किया। शव पांच दिन पुराना होने के कारण काफी सड़ चुका था। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। बता दें शिल्पा सालवी एमएससी की डिग्रीधारी थीं और सूरत के सरकारी एसएमआईएमईआर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में डाइटिशियन के रूप में काम करती थीं। दंपति की शादी नवंबर 2010 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। इनमें 13 साल का बेटा और 8 साल की बेटी है। विशाल पहले डायमंड इंडस्ट्री में काम करता था, लेकिन पिछले कुछ सालों से बेरोजगार था, जिसके चलते परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। इस घटना ने सूरत में घरेलू हिंसा और मानसिक तनाव को लेकर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। शिल्पा एक शिक्षित और कामकाजी महिला थीं, जिनका परिवार अब दो नाबालिग बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है।

तोता जंगली पक्षी, फसल नुकसान पर मुआवजा दे सरकार : हाईकोर्ट

-किसानों को प्रति पेड़ 200 रुपये देने के निर्देश

नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि तोता जंगली पक्षी की श्रेणी में आता है, इसलिए उसके द्वारा फसलों को पहुंचाए गए नुकसान की भरपाई राज्य सरकार को करनी होगी। यह मामला किसानों की फसलों, खासकर अनार के पेड़ों को हुए नुकसान से जुड़ा था। अदालत ने स्पष्ट किया कि वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत जंगली जीव राज्य की संपत्ति माने जाते हैं, ऐसे में उनके कारण हुए नुकसान की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार की होती है। कोर्ट ने संबंधित मामले में प्रति पेड़ 200 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। इस फैसले को किसानों के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से जंगली पक्षियों और जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। अब इस निर्णय के बाद किसानों को आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

जगन्नाथ रथ यात्रा में भीड़ नियंत्रण के लिए सख्ती, कॉर्डन पास होंगे सीमित

भुवनेश्वर (एजेंसी)। पुरी में आयोजित होने वाली प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर इस वर्ष प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने का निर्णय लिया है। ओडिशा सरकार ने भीड़ नियंत्रण के लिए रथों के पास जारी किए जाने वाले कॉर्डन पास की संख्या कम करने का फैसला किया है। ये पास भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के आसपास बनाए गए सुरक्षा घेरे में प्रवेश के लिए दिए जाते हैं। प्रशासन का यह कदम पिछले वर्ष हुई दुखद घटना के मद्देनजर उठाया गया है, जब भारी भीड़ के कारण दबने से तीन श्रद्धालुओं की जान चली गई थी। इस हादसे ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। अधिकारियों का कहना है कि सीमित पास जारी करने से रथों के आसपास भीड़ कम होगी और आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य बेहतर तरीके से किए जा सकेंगे। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग और निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा, ताकि लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

आज से राष्ट्रपति मुर्मू पांच दिन के हिमाचल दौरे पर, प्रदेश में सुरक्षा इंतेजाम पुख्ता

शिमला (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से पांच दिन के हिमाचल प्रदेश दौरे पर रहेंगी। मुर्मू मंगलवार को शिमला के लोक भवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी। बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू अटल सुरंग जाएंगी। वह गुरुवार को पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू अगले महीने की पहली तारीख को अपनी यात्रा के अंतिम दिन शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का भी दौरा करेंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार हिमाचल प्रदेश के छह दिन के दौरे पर शिमला पहुंची। वह शिमला से करीब 13 किलोमीटर दूर छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति भवन रिट्रीट में ठहरेंगी। शिमला पुलिस ने राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शिमला शहर से लेकर छराबड़ा तक 1000 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो, इसके लिए दो दिन से शिमला में रिहर्सल भी की जा रही थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले छह दिन हिमाचल में ही रुकेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक वे शिमला, अटल टनल और पालमपुर विश्वविद्यालय जाएंगी। 28 अप्रैल की सुबह वे राष्ट्रपति निवास में आयोजित उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी।

लू का अंत, तूफान की दस्तक: देशभर में बदलेगा मौसम, 9 राज्यों में बारिश-आंधी का अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से अब राहत मिलने की उम्मीद है। कई राज्यों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने के बाद, मौसम विभाग ने आगामी 12 घंटों में तेजी से बदलाव की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के ताजा अनुमानों के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, हवा के रुख में बदलाव और बढ़ती नमी के कारण अगले कुछ दिनों में आंधी, बारिश और तूफान का दौर शुरू होगा। यह मौसमी बदलाव जहां एक ओर तपिश से राहत दिलाएगा, वहीं दूसरी ओर इसके साथ कुछ प्राकृतिक चुनौतियां भी आ सकती हैं, जिनके प्रति लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

भूमध्य सागर से आने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) अब उत्तर भारत में सक्रिय हो चुके हैं। ये मौसमी प्रणालियाँ आमतौर पर गर्मी की लंबी लहरों को तोड़ने में सहायक होती हैं। 27 अप्रैल की शाम से ही इन विक्षोभों का असर दिखना शुरू हो जाएगा और 28 से 30 अप्रैल के बीच इनका प्रभाव और अधिक तीव्र होगा। इस दौरान देश के कई हिस्सों में तेज गर्जना के साथ बारिश, बिजली गिरने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। हालांकि यह बदलाव गर्मी से राहत देगा, लेकिन तेज हवाएं, ओले और बिजली गिरने की घटनाएं फसलों और जनजीवन को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड के ऊपर बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी निचले क्षोभमंडल में नमी को बढ़ा रहे हैं, जिससे इन गतिविधियों को बल मिल रहा है। यह पैटर्न प्री-मानसून गतिविधियों का भी संकेत दे रहा है।

दिल्ली-एनसीआर का हाल

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौसम का मिजाज दो चरणों में बदलेगा। दिन के समय भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा, अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। लेकिन शाम होते-होते आसमान में बादल छा जाएंगे और कुछ इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। गरज-चमक के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है। लोगों को शाम के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

उत्तर प्रदेश और बिहार बदलेगा मौसम

उत्तर प्रदेश में 28 अप्रैल से मौसम पूरी तरह बदलने के संकेत हैं। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसे बड़े शहरों में आंधी और बारिश की संभावना है। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेड़ गिरने का खतरा रहेगा। तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट से थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन आकाशीय बिजली का खतरा बना रहेगा। बिहार में भी दोहरी स्थिति देखने को मिलेगी, कुछ हिस्सों में लू जारी रहेगी, जबकि पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी जैसे जिलों में 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट है।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में हल्की बारिश

राजस्थान में 27 से 29 अप्रैल के बीच हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि, पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू का असर बना रह सकता है। मध्य प्रदेश में भी इसी अवधि में भोपाल, इंदौर और जबलपुर सहित कई शहरों में आंधी और बारिश का अलर्ट है, जहां गरज-चमक और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं।

पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों का मौसम

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड

में तेज बारिश, हवाओं और गरज-चमक के साथ बर्फबारी की भी संभावना है, खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में। इससे भूस्खलन और यात्रा में बाधा आ सकती है। पूर्वोत्तर भारत, विशेषकर असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति और बिजली बाधित होने की आशंका है। दक्षिण भारत में भी केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून बारिश की उम्मीद है। लोगों को मौसम विभाग की चेतावनी पर ध्यान देने और सुरक्षित रहने की सलाह दी गई है।

राघव चड्ढा बोले- पार्टी बन गई 'टॉक्सिक', भाजपा में शामिल होने के बाद आप पर हमलावर हुए

चंडीगढ़, (एजेंसी)। राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। राज्यसभा सांसद चड्ढा ने अपने पहले वीडियो संदेश में आप को 卐टॉक्सिक वर्क एन्वॉयरमेंट卐 वाली पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि अब यह चंद भ्रष्ट और समझौता करने वाले लोगों के हाथों में सिमट गई है। आप छोड़ भाजपा में शामिल हुए चड्ढा ने कहा कि पार्टी में काम करने और अपनी बात रखने की स्वतंत्रता नहीं रह गई थी।

उनके अनुसार, कुछ लोग व्यक्तिगत फायदे के लिए फैसले ले रहे हैं, जिससे पार्टी अपने मूल उद्देश्यों से भटक गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं, लेकिन अब आप वैसी नहीं रही, जैसी इसे शुरू किया गया था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर कुल सात सांसदों ने पार्टी छोड़ी है, तो क्या सभी गलत हो सकते हैं। चड्ढा ने कहा कि उनके सामने तीन विकल्प थे, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने पार्टी छोड़ना ही उचित समझा। इस बीच सोमवार को राज्यसभा ने आप के सात सांसदों के बीजेपी में विलय को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, विक्रमजीत साहनी, हरभजन सिंह, डॉ. संदीप पाठक, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता अब आधिकारिक रूप से भाजपा के सांसद बन गए हैं। इस घटनाक्रम के बाद राज्यसभा में भाजपा की ताकत बढ़कर 113 सांसदों तक पहुंच गई है, जो संसद के उच्च सदन में पार्टी की स्थिति को और मजबूत करता है।

ट्रंप पर हमले की कोशिश पर भारत में सियासी उबाल, कांग्रेस विधायक ने कहा- ये तो होना ही था

मुंबई (एजेंसी)। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में आयोजित व्हाइट हाउस संवाददाताओं के वार्षिक रात्रिभोज के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुई गोलीबारी की घटना ने दुनिया भर को चौंका दिया है। इस अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के बीच भारत में महाराष्ट्र से कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार के एक विवादित बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। वडेट्टीवार ने ट्रंप पर हुए हमले को जैसी करनी वैसी भरनी करार देते हुए कहा कि उन पर गोलियां चलनी ही थीं।

कांग्रेस विधायक ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि ट्रंप दुनिया में अपना दबदबा बनाना चाहते थे और दूसरे देशों को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने भारत की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि यहां भी लोगों की भावनाएं कुछ ऐसी ही हैं। वडेट्टीवार के मुताबिक, चूंकि भारत में लोग अभी बाहर नहीं आ रहे हैं, इसलिए यह भ्रम बना हुआ है कि सब ठीक है, लेकिन जनता के मन में यह भावना घर कर गई है कि देश को तबाह किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन घटना की निंदा करते हुए यह भी जोड़ दिया कि उच्च पद पर बैठे व्यक्ति के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था।

उधर, अमेरिका में हुई इस घटना के विस्तृत ब्योरे सामने आए हैं। शनिवार रात करीब 8-34 बजे जब वॉशिंगटन हिल्टन में मेहमानों को रात्रिभोज परोसा जा रहा था, तभी अचानक गोलीबारी की आवाज सुनाई दी। उस वक्त ट्रंप एसोसिएशन की अध्यक्ष वेइजिया जियांग और मेंटलिस्ट ओज पर्लमैन के साथ बातचीत कर रहे थे। स्थिति भांपते ही खुफिया सेवा (सीक्रेट सर्विस) के जवानों ने तुरंत सुरक्षा घेरा बनाया और राष्ट्रपति ट्रंप, प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और उषा वेंस को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने कैलिफोर्निया के एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि एलन ट्रेन से कैलिफोर्निया से वॉशिंगटन आया था और समारोह वाले होटल में ही ठहरा था। ट्रंप ने कहा कि आरोपी प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना चाहता था और उसके परिवार ने पहले ही सुरक्षा एजेंसियों को उसकी संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचित किया था। आरोपी को सोमवार को अमेरिकी न्याय विभाग के समक्ष आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ेगा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता पर नहीं रहा केजरीवाल को भरोसा कहा- अब सत्याग्रह के मार्ग पर चलूंगा

बेंगलुरु (एजेंसी)। नई दिल्ली, (ईएमएस)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को एक बेहद भावुक और कड़ा पत्र लिखकर न्यायिक प्रक्रिया से खुद को अलग करने का ऐलान किया है। केजरीवाल ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से अब उन्हें न्याय मिलने की कोई उम्मीद नहीं बची है, इसलिए उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्याग्रह के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है।

केजरीवाल ने अपने पत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि वह अब इस मामले में न तो व्यक्तिगत रूप से अदालत के समक्ष पेश होंगे और न ही अपने वकीलों के माध्यम से कोई पेशी कराएंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह अदालत की कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेंगे,

लेकिन जस्टिस स्वर्ण कांता के किसी भी फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करने का अपना कानूनी अधिकार सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वह न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा अवश्य खटखटाएंगे।

बता दें कि बीते 20 अप्रैल को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत ने आबकारी नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। एक घंटे से अधिक समय तक हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी भी वादी को बिना किसी सबूत के न्यायाधीश पर फैसला करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, और न्यायाधीश किसी वादी के पूर्वाग्रह के निराधार डर को दूर करने के लिए खुद को मामले से अलग नहीं कर सकते हैं। इससे पहले, केजरीवाल ने अदालत में स्वयं जिरह करते हुए न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि न्यायाधीश कथित तौर पर एक विशेष विचारधारा से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल रही हैं, जिससे उन्हें डर है कि उनके साथ निष्पक्ष न्याय नहीं होगा। इसके अलावा, अदालत ने केजरीवाल की जिरह से जुड़े एक वायरल वीडियो को भी सोशल मीडिया से तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में केजरीवाल के साथ-साथ कुछ अन्य नेताओं और पत्रकारों के खिलाफ भी जनहित याचिका दायर की गई थी, जिस पर हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। केजरीवाल के इस सत्याग्रह वाले फैसले ने अब कानूनी और राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है।

मायावती ने तीन बड़े नेताओं को पार्टी से निकाला, बसपा में मची हलचल

लखनऊ(एजेंसी)। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती के एक फैसले से पार्टी में उथल-पुथल मची दी है। मायावती ने पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ऐसे में जब फरवरी 2027 में चुनाव होने है मायावती के इस फैसले से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में असंतोष है। मायावती ने जिन तीन नेताओं को पार्टी से बाहर किया है, उनका पश्चिम यूपी में अच्छा दबदबा है। जानकारों का कहना है कि इस फैसले से विशेष रूप से पश्चिमी यूपी में बसपा की पकड़ कमजोर हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मायावती ने जिन तीन नेताओं को बाहर किया है, उसमें धर्मवीर अशोक, जयप्रकाश और सरफराज रैन शामिल हैं। धर्मवीर अशोक बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशी राम के करीबी साथियों में गिने जाते थे। मायावती ने उन्हें कई राज्यों में जिम्मेदारी दी थी। पश्चिमी यूपी सहित कई इलाकों में उनकी अच्छी पकड़ और लोकप्रियता थी। कहा जा रहा है कि उनका अचानक पार्टी से निकाला जाना कार्यकर्ताओं को रास नहीं आ रहा है। उसी तरह जयप्रकाश काफी समय बाद बसपा में वापस लौटे थे और पश्चिमी यूपी में युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम कर रहे थे। एक वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी को पश्चिमी यूपी के मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने से जुड़े विवाद के चलते उन पर कार्रवाई हुई। वहीं सरफराज रैन भी टिकट वितरण और संगठन से जुड़े कामों में सक्रिय थे। इन तीनों नेताओं की बर्खास्तगी से पार्टी की चुनावी तैयारियों पर असर डाल सकती है।

सात सांसदों के आने से बढ़ेगी राज्यसभा में एनडीए की ताकत, लेकिन संवैधानिक संशोधनों के लिए अभी भी संख्या कम

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के 7 राज्यसभा सांसदों के बीजेपी में शामिल होने के बाद विपक्ष के लिए मुश्किलें खड़ी होती नजर आ रही हैं। राघव चड्ढा और संदीप पाठक के नेतृत्व में इन सांसदों ने अयोग्यता का सामना किए बिना बीजेपी में विलय के लिए आवश्यक जादुई दो-तिहाई बहुमत पा लिया। इस बीच अब इस उलटफेर से राज्यसभा में एनडीए और बीजेपी का समीकरण मजबूत होता दिख रहा है।

बड़े पैमाने पर सांसदों के इस्तीफे से पहले, राज्यसभा में भाजपा की संख्या करीब 106 थी, जबकि एनडीए के पास करीब 121 सदस्य थे। राघव चड्ढा, संदीप पाठक, स्वाति मालीवाल, हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, विक्रम साहनी और राजेंद्र गुप्ता सहित आप सेवन के शामिल होने से भाजपा की व्यक्तिगत संख्या बढ़कर 113 हो गई है। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि एनडीए की कुल सीटों की संख्या बढ़कर 128 हो गई है। 243 सदस्यों वाली सदन में बहुमत के लिए 122 सीटों की जरुरत है। 128 सीटों के साथ एनडीए को साधारण बहुमत आसानी से मिल जाएगा। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है; कांग्रेस के एकदलीय

वर्चस्व के युग के बाद पहली बार सत्ताधारी गठबंधन को विवादास्पद सामान्य कानूनों को पारित करने के लिए तटस्थ क्षेत्रीय दलों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

हालांकि साधारण बहुमत रोजमर्रा के शासन के लिए बड़ी जीत है, लेकिन भारतीय संसदीय शक्ति का सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य संवैधानिक संशोधनों के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत है। 245 सदस्यों वाले पूर्ण सदन के लिए, यह अति-बहुमत 164 वोटों का है। आम आदमी पार्टी के सांसदों के दल-बदल से मिली अप्रत्याशित जीत के बावजूद, एनडीए को इस लक्ष्य से 36 सीटें कम रहेगी। इस अंतर का अर्थ यह है कि जहां सरकार अब सामान्य विधेयकों को आसानी से पारित कर सकती है, वहीं एक राष्ट्र, एक चुनाव ढांचा या परिसीमन प्रक्रिया में औपचारिक बदलाव जैसे बड़े संरचनात्मक परिवर्तनों के लिए भाजपा को अभी भी गुटनिरपेक्ष दलों के साथ संबंध सुधारने होगा या भविष्य के द्विवार्षिक चुनावों का इंतजार करना होगा।

आंध्र प्रदेश में ईंधन संकट को लेकर मुख्यमंत्री नायडू ने की समीक्षा बैठक

-अफरा-तफरी में की जा रही खरीदारी से बढ़ी मांग, स्थिति चिंताजनक

अमरावती (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। हाल के दिनों में ईंधन की भारी मांग और अफरा-तफरी में की जा रही खरीदारी के चलते राज्य के कई पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति बाधित हुई है, जिससे स्थिति चिंताजनक बन गई है। अधिकारियों के अनुसार, ईंधन की आपूर्ति में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, लेकिन इसके बावजूद अचानक बढ़ी मांग के कारण बिक्री में असामान्य उछाल दर्ज किया गया है। इस वजह से कई बिक्री केंद्रों पर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है और कुछ पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अफवाहों और संभावित कमी

की आशंका के चलते लोग बड़ी मात्रा में ईंधन खरीद रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त कदम उठाए जाएं और आम जनता में किसी भी प्रकार की घबराहट न फैलने दी जाए।

मछुआरों को डीजल उपलब्ध कराने में आई कठिनाई

समीक्षा के दौरान मत्स्य पालन क्षेत्र में ईंधन आपूर्ति को लेकर भी विशेष चिंता जताई गई। इस क्षेत्र में डीजल की खपत अधिक होती है और आमतौर पर इसे ड्रमों में खरीदा जाता है। वर्तमान स्थिति के कारण मछुआरों को डीजल उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो सकती है।

ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री नायडू ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे मत्स्य पालन और अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि आम जनता और प्रमुख क्षेत्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

क्या पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर विचार कर रही भारत सरकार

